पेज थ्री देहरादून

शराब की दुकानों ने आज शराब की दुकाने बंद रहेगी का लगाया बैनर।



देहरादून शुक्रवार 15 मई 2020

# हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### प्रवासियों के लिए अहमदाबाद और जयपुर से चलेगी विशेष ट्रेन

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में दूसरे राज्यों में फंसे हुए लोगों की वापसी का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में बुधवार शाम को 1200 लोग बंगलुरू से विशेष ट्रेन से हरिद्वार पहुंच गए। अहमदाबार में फंसे हुए लोगों को लेकर विशेष ट्रेन गुरुवार और जयपुर से शुक्रवार को रवाना होगी। अभी तक अन्य राज्यों में फंसे 2.02 लाख लोगों ने उत्तराखंड वापसी के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें से 56,672 लोग उत्तराखंड पहुंच चुके हैं। उत्तराखंड से भी दूसरे राज्यों में जाने के लिए 30971 लोगों ने पंजीकरण कराया है। इनमें से 12385 अपने राज्यों को चले भी गए हैं।

### शासकीय प्रवक्ता मदन कौशिक से मिले सूर्यकांत धस्माना

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने रुद्रपुर में उपनल कर्मचारियों को निकालने, साठ प्रतिशत उपनल कर्मचारियों को तीन माह से वेतन एवं प्रोत्साहन भत्ता न दिए व कर्नाटका में फंसे उत्तराखंड के विद्यार्थियों को वापस लाने के मुद्दे पर शासकीय प्रवक्ता कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर इन समस्याओं पर शीघ्र ही कार्रवाई किये जाने की मांग की है। धस्माना ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व शासकीय प्रवक्ता मदन कौशिक से अनेक बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### छात्राओं को सौंपे मॉस्क व सैनिटाइजर

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड–19 आज के माहौल को देखते हुए मास्क ओर सैनिटाइजर आम जन मानस की जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है, जिससे हमे हमेशा खुद को सुरक्षित रखना है और दूसरों का भी ध्यान रखना है इसी जन जागरूकता को ध्यान में रखते हुए आज हर्षल फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज लक्खी बाग की बालिकाओं को स्वयं नवनिर्मित मास्क, सैनिटाइजर, साबुन, सेनेटरी नेपकिन के हेल्थ एन हाइजीन किट दिये।

### जेके टायर ने 'टोटल कन्ट्रोल हेण्ड सेनिटाइजर' का उत्पादन शुरु किया

**संवाददाता** देहरादून। भारत की प्रमुख टायर निर्माता एवं रेडियल टेक्नोलॉजी की प्रमुख कम्पनी जेके टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड ने "टोटल कन्ट्रोल हैण्ड सेनिटाइजर" ब्राण्ड के नाम से हैण्ड सेनिटाइजर का निमार्ण कर अपने वायदों को पूरा करते हुऐ राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है। इस सेनिटाइजर को मानकों के अनुसार सख्ती से विकसित और उत्पादित किया जा रहा है।

## उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि की चेतावनी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में मौसम से तेवर तल्ख बने हुए हैं। पहाड़ों में बारिश का दौर बार–बार चल रहा है, वहीं, मैदानी क्षेत्र में बादलों की आंख मिचौनी चल रही है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

बुधवार को पहाड़ों में बारिश और बर्फबारी हुई। कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हुई। पहाड़ों में भी अधिकांश इलाकों में बादल छाये रहे। गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में देर शाम बारिश और केदारनाथ में हल्की बर्फबारी हुई। इसके अलावा भी ज्यादातर पहाड़ी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। इससे मैदानी क्षेत्र का तापमान भी कम रहा। गुरुवार की सुबह कुछ राहत जरूर देखी गई। गढ़वाल और कुमाऊं के पर्वतीय क्षेत्र में मौसम साफ रहा। वहीं, मैदानी क्षेत्र में कभी धूप और कभी बादलों से आसमान घिर रहा है। इससे गर्मी से भी लोगों को राहत मिल रही है।

मौसम में बार–बार आ रहे बदलाव के चलते उत्तराखंड में मई के माह में भी अभी तक गर्मी नहीं पड़ी। जैसे ही पारा चढ़ने लगता है, वैसे ही बारिश हो जाती है। इससे तापमान में फिर से गिरावट आ जाती है। मई माह की शुरूआत से ही यह क्रम चल रहा है। मौसम विभाग ने पर्वतीय क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि और कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार, अभी राहत मिलने की उम्मीद कम है।

# प्रदेश में कोरोना पॉजिटिव की संख्या बढ़कर 75 हुई

**कोरोना का कहर**

बृहस्पतिवार को दून में आए तीन नए मामले | 37 दिन बाद अल्मोड़ा फिर आया कोरोना की जद में

**संवाददाता**

देहरादून। राजधानी में तीन नए कोरोना संक्रमित मरीज बढ़ने से हड़कंप मच गया है। प्रवासियों के उत्तराखण्ड वापसी के बाद उत्तराखण्ड में भी कोरोना वायरस कोविड–19 संक्रमण ने जोर पकड़ लिया है। प्रदेश में यह संख्या बढ़कर 75 हो चुकी है।

मिली जानकारी के अनुसार तीनों नए मामले देहरादून में ही सामने आए हैं। जिससे देहरादून में कोरोना संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 39 हो गए हैं जबकि प्रदेश में यह संख्या 75 तक पहुंच गई है। यहां मसूरी में संक्रमण महिला पीड़िता, एक रायपुर, एक डालनवाला से मरीज सब आये बाहर से जिस पर प्रदेश में संक्रमितों की संख्या 75 पहुंच गई है। देर रात रिपोर्ट आयी थी। कोरोना संक्रमित मसूरी निवासी महिला और उसके परिवार के तीन अन्य सदस्य, सुंदरवाला रायपुर निवासी मरीज और उनके परिवार के दो सदस्य और रिस्पना सीमेंट रोड निवासी मरीज और उनके परिवार के तीन सदस्यों को दून अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।



डालनवाला में कोरोना संक्रमित को लेने जाती हुए टीम।

बताया गया कि सुंदरवाला निवासी युवक मुम्बई में नौकरी करता है जबकि मसूरी निवासी महिला बच्चों के साथ दिल्ली अपनी रिश्तेदारी में गयी थी। वहीं रिस्पना सीमेंट रोड निवासी व्यक्ति भी दिल्ली से वापस आया है। यह सभी लोग 12 मई को वापस लौटे हैं, जिनका आशारोड़ी पर सैंपल लिया गया था।

वहीं कोलकाता का जमाती कोरोना से 24 दिन में ठीक दून अस्पताल में भर्ती कोरोना संक्रमित कोलकाता का जमाती कोरोना से ठीक हो गया है। उसकी दो रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद अस्पताल से क्वारेंटाइन सेंटर शिफ्ट कर दिया गया है।

दून अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. एनएस खत्री ने बताया कोलकाता के पांच संक्रमित जमाती अस्पताल में भर्ती हुए थे। उन्होंने कहा कि जिनमें से चार ठीक होकर क्वारेंटाइन सेंटर जा चुके हैं। अब एक जमाती की दो रिपोर्ट लगातार नेगेटिव आने पर उसे भी क्वारेंटाइन सेंटर भेज दिया गया है। आजाद कॉलोनी का एक संक्रमित व्यक्ति अभी अस्पताल में भर्ती है।

# समस्याओं के समाधान को चौबीस घंटे खुले रहेंगें दरवाजे

**राहत**

■ जरूरतमंदों की सहायता के लिए पार्षदों को सौंपे राशन व मेडिकल किट

देहरादून। **संवाददाता**



**हरसंभव कार्य किये जायेंगें: मेयर**

मेयर ने कहा कि पार्षदों की समस्याओं के साथ ही साथ क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव कार्य किये जायेंगें और किसी भी समस्या के समाधान के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जायेगा।

दून मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा है कि पार्षदों की समस्याओं के समाधान के लिए उनके दरवाजे चौबीस घंटे खुले है और इसके लिए वह पूरी तरह से तत्पर है। इस अवसर कैंट विधानसभा क्षेत्र के 12 भाजपा पार्षदों को 10–10 राशन किट व मेडिकल किट बांटी गई।

जीएमएस रोड स्थित अनमोल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित राशन एवं मेडिकल किट वितरण कार्यक्रम में मेयर सुनील उनियाल गामा मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर उन्होंने कैंट विधानसभा क्षेत्र के 12 भाजपा पार्षदों को क्षेत्र के जरूरतमंदों के लिए 10–10 किट राशन व मेडिकल किट प्रदान किये।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के प्रति जहां सरकार व नगर निगम पूरी तरह से एकजुटता का परिचय देते हुए कार्य कर रहा है और इस कार्य में पुलिस, चिकित्सक, नर्स, पत्रकार, सफाई कर्मचारी पूरी निष्ठा व कोरोना योद्धा के रूप में कार्य कर रहे है और उसी प्रकार से नगर निगम ने सौ वार्डों के साथ ही साथ प्रमुख चौराहों, पॉश कालोनियों, गली मौहल्लों को पूरी तरह से सैनिटाइज किया गया और कई बार इन सभी स्थानों पर सैनिटाइजर का छिडकाव किया गया है और आने वाले समय में भी इस अभियान को जारी रखा जायेगा।

इस अवसर पर आयुर्वेद परिषद के अध्यक्ष दर्शन शर्मा ने कहा कि पार्षदों को हरसंभव का सहयोग दिया जायेगा और उनके क्षेत्रों में जहां भी जरूरतमंदों को राशन किट चाहिए होगी वह वहां प्रदान करने का काम करेंगें। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद अमिता सिंह, अंकित अग्रवाल, आशा भाटी, रजनी, अर्चना पुंडीर, रमेश काला, शुभम नेगी, महेन्द्र कौर, संमिधा गुरुंग सहित अन्य पार्षद व अतिथि उपस्थित थे।

## मध्यम वर्गीय लोगों के बिजली, पानी व तीन माह की स्कूल फीस हो माफः राजकुमार

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा है कि राहत के नाम पर एक बार से जनता को ठगने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्गीय लोगों को राहत के लिए बिजली व पानी के बिल एवं स्कूल फीस को माफ किये जाने की मांग प्रदेश सरकार से की है। पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने जहां एक ओर होटल और उद्योग जगत का फिक्स चार्ज विद्युत माफ न कर जून माह में जमा करने का ऐलान किया है जो पूरी तरह से गलत है और इसे माफ किया जाना चाहिए लेकिन सरकार ने इस ओर किसी भी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया है और पीएफ में सरकार और उद्यमी की राशि को बराबर कर दस दस प्रतिशत दिया गया है लेकिन दूसरी और पहले ही पीएफ निकालने की राशि प्रतिशत कर कर दी गई है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News

Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।